रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सीoईoएनo ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 13/08/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** **K प्रतीक वाला तत्व _______ है।**

Ans A). पैलेडियम B). क्रिप्टन C). पोटैशियम D). फॉस्फोरस

Correct Answer: C

**Q.2** **प्रतिस्थापन अभिक्रिया में क्लोरीन के साथ अभिक्रिया करने पर एल्केन के उच्च सजातीय कई उत्पाद क्यों बनाते हैं?**

Ans A). क्योंकि हाइड्रोजन परमाणु अनुपस्थित होते हैं B). क्योंकि क्लोरीन, हाइड्रोजन को अलग-अलग स्थानों पर प्रतिस्थापित करती है C). क्योंकि क्लोरीन प्रकृति में अस्थिर होती है D). क्योंकि एल्केन ऐरोमैटिक होते हैं

Correct Answer: B

**Q.3** **एनोडीकरण के दौरान एनोड पर क्या होता है?**

Ans A). कार्बन डाइऑक्साइड, एल्यूमीनियम के साथ अभिक्रिया करके ऑक्साइड बनाती है B). ऑक्सीजन गैस, एल्यूमीनियम के साथ अभिक्रिया करके ऑक्साइड बनाती है C). नाइट्रोजन गैस, एल्यूमीनियम के साथ अभिक्रिया करके ऑक्साइड बनाती है D). हाइड्रोजन गैस, एल्यूमीनियम के साथ अभिक्रिया करके ऑक्साइड बनाती है

Correct Answer: B

**Q.4** **पौधों में जाइलम और फ्लोएम को स्वतंत्र रूप से संगठित संवाहक नलिकाओं के रूप में क्यों वर्णित किया जाता है?**

Ans A). वे विभिन्न पदार्थों का अलग-अलग परिवहन करते हैं B). वे दोनों मिलकर समान कार्य करते हैं C). वे सभी पौधों में एक प्रकार के ऊतक के रूप में कार्य करते हैं D). वे सभी परिवहन आवश्यकताओं के लिए एक ही मार्ग साझा करते हैं

Correct Answer: A

**Q.5** **निम्नलिखित में से कौन-सा, विषमांगी मिश्रण है?**

Ans A). लवण विलयन B). सिरका C). वायु D). रेत और लौह रेतन

Correct Answer: D

**Q.6** **500 kg द्रव्यमान वाली एक रोलर कोस्टर कार एक "तीव्र ढाल वाले ट्रैक पर नीचे की ओर गति करती है, जिससे उसकी स्थितिज ऊर्जा, गतिज ऊर्जा में रूपांतरित हो जाती है। निम्नतम बिंदु पर, इसकी गति 20 m/s है। यदि कार घर्षण वाले एक ऐसे सेक्शन से गुजरती है, जहां 30,000 J ऊर्जा का ह्रास होता है, तो इसकी नई चाल कितनी होगी, यह मानते हुए कि कोई अन्य बल कार्य नहीं कर रहा है?**

Ans A). ≈20 m/s B). ≈15 m/s C). ≈10 m/s D). ≈18 m/s

Correct Answer: D

**Q.7** **मेरिस्टेमी ऊतक की कोशिकाओं के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषताएं सही हैं?**

Ans A). बहुत सक्रिय, प्रमुख केंद्रक, हल्का कोशिकाद्रव्य और मोटी सेलुलोज भित्ति B). बहुत सक्रिय, प्रमुख केंद्रक, सघन कोशिकाद्रव्य और पतली सेलुलोज भित्ति C). बहुत सक्रिय, प्रमुख केंद्रक, हल्का कोशिकाद्रव्य और पतली सेलुलोज भित्ति D). बहुत सक्रिय, प्रमुख केंद्रक, सघन कोशिकाद्रव्य और मोटी सेलुलोज भित्ति

Correct Answer: B

**Q.8** यदि आप किसी पुस्तक को उठाकर शेल्फ पर रख देते हैं, तो उसकी ऊर्जा का क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans A). इसमें सभी ऊर्जा की हानि होती है B). इसकी स्थितिज ऊर्जा में वृद्धि होती है C). इसकी ऊष्मीय ऊर्जा में वृद्धि होती है D). यह गतिज ऊर्जा प्राप्त करती है

Correct Answer: B

**Q.9** साहश्य को पूर्ण करें।
मृदूतक : दीर्घ अंतराकोशिकीय स्थान :: दृढ़ोतक : __________

Ans A). पतली सेलुलोस भित्तियां B). कोई आंतरिक स्थान नहीं C). सजीव कोशिकाएं D). दीर्घ वायु गुहिकाएं

Correct Answer: B

**Q.10** निम्नलिखित में से कौन-सा परिवर्तन, रासायनिक अभिक्रिया में ऑक्सीकरण को सही से निरूपित करता है?

Ans A). यौगिकों के बीच आयनों का विनिमय B). लवण और जल का निर्माण C). किसी पदार्थ में ऑक्सीजन का योग D). किसी यौगिक से ऑक्सीजन का निष्कासन

Correct Answer: C

**Q.11** दो वस्तुएँ, P और Q, एकसमान चाल से गतिमान हैं। P का दूरी-समय ग्राफ, Q के दूरी-समय ग्राफ की तुलना में अधिक प्रवण है। यह क्या इंगित करता है?

Ans A). दोनों की चाल समान है B). P की चाल, Q की चाल से कम है C). P त्वरित हो रहा है D). P की चाल, Q की चाल से अधिक है

Correct Answer: D

**Q.12** तीन सूक्ष्मजीवों को एक साथ वर्गीकृत किया गया था, परंतु DNA) अनुक्रमण से पता चलता है कि दो सूक्ष्मजीवों की आनुवंशिक सामग्री में अधिक समानता है। यह निष्कर्ष निम्नलिखित में से किस वर्गीकरण परिवर्तन का सुझाव दे सकता है?

Ans A). पिछले समूहन (grouping) को बनाए रखना B). DNA समानताओं के आधार पर पुनर्वर्गीकरण (Reassignment)
C). पर्यावास समानताओं के आधार पर समूहन (Grouping) D). आनुवंशिक जानकारी की उपेक्षा करना

Correct Answer: B

**Q.13** निम्नलिखित में से कौन-सा जीव, मृत जीवों के जटिल कार्बनिक पदार्थों को सरल अकार्बनिक पदार्थों में विघटित करता है?

Ans A). स्वपोषी (Autotrophs) B). शाकाहारी (Herbivores) C). परजीवी (Parasites) D). अपघटक (Decomposers)

Correct Answer: D

**Q.14** विरंजक चूर्ण से मुक्त होने वाली कौन-सी गैस प्राथमिक रूप से उसकी विरंजन और रोगाणुनाशन (disinfecting) क्रिया के लिए उत्तरदायी है?

Ans A). ऑक्सीजन ($O_2$) B). क्लोरीन ($Cl_2$) C). कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) D). हाइड्रोजन क्लोराइड (HCl)

Correct Answer: B

**Q.15** पृथ्वी से देखने पर निशाकाश (night sky) में तारे के टिमटिमाते हुए प्रतीत होने का मुख्य कारण क्या है?

Ans A). तारों से निकलने वाला प्रकाश, परिवर्ती वायुमंडलीय परतों द्वारा अपवर्तित होता है। B). पृथ्वी के घूमने के कारण तारों का प्रकाश टिमटिमाता है।
C). तारे परिवर्ती तीव्रताओं पर प्रकाश उत्सर्जित करते हैं। D). तारे, ग्रहों की तुलना में पृथ्वी के अधिक निकट होते हैं।

Correct Answer: A

**Q.16** त्वरित रूप से गतिमान एक कार के लिए, दूरी-समय ग्राफ कैसा होगा?

Ans A). ऊर्ध्वाधर रेखा B). क्षैतिज रेखा C). सीधी रेखा D). अरैखिक वक्र

Correct Answer: D

**Q.17** निम्नलिखित में से किस जीव में भोजन ग्रहण करने के लिए पादाभ (pseudopodia) का उपयोग किया जाता है?

Ans A). पैरामीशियम B). हाइड्रा C). यूग्लीना D). अमीबा

Correct Answer: D

**Q.18** एस्टर में कौन-सा प्रकार्यात्मक समूह पाया जाता है?

Ans A). –COOH B). $–NH_2$ C). –COO– D). –OH

Correct Answer: C

**Q.19** सामान्य परिस्थितियों में, अमाशय के आंतरिक अस्तर (lining) को उसके अपने ही अम्ल से होने वाले नुकसान से कौन बचाता है?

Ans A). पेप्सिन निकलना B). लार का प्रवेश C). अम्ल वृद्धि D). श्लेष्मा स्राव

Correct Answer: D

**Q.20** एक छात्र देखता है कि जब किसी वस्तु को दर्पण से 15 cm की दूरी पर रखा जाता है, तो उसका प्रतिबिंब उसी ओर 30 cm की दूरी पर बनता है। दर्पण की फोकस दूरी कितनी है?

Ans A). -10 cm B). -5 cm C). -8 cm D). -12 cm

Correct Answer: A

**Q.21** **शैवाल प्रस्फुटन (Algal bloom) के दौरान, प्रमुख प्रजातियाँ, केंद्रक युक्त ऐसे एककोशिकीय जीव होते हैं जो प्रकाश संश्लेषण कर सकते हैं और भोजन का अंतर्ग्रहण कर सकते हैं। इसके लिए सर्वाधिक उत्तरदायी जीव कौन-सा है?**

Ans A). सायनोजीवाणु (Cyanobacteria) B). अमीबा (Amoeba) C). जीवाणु (Bacteria) D). यूग्लीना-जैसे प्रजीव (Euglena-like protists)

Correct Answer: D

**Q.22** **कौन-सा व्यंजक, विद्युत ऊर्जा की व्यावसायिक यूनिट को जूल के पदों में सही ढंग से निरूपित करता है?**

Ans A). 1 किलोवॉट घंटा = $3.6 \times 10^6$ जूल B). 1 किलोवॉट घंटा = $1.6 \times 10^6$ जूल C). 1 किलोवॉट घंटा = 360 जूल D). 1 किलोवॉट घंटा = 1000 जूल

Correct Answer: A

**Q.23** **द्रव्यमान संरक्षण को सत्यापित करने वाले प्रयोगों के दौरान अभिक्रिया फ्लास्क को कॉर्क क्यों किया जाता है?**

Ans A). वायु परिसंचरण को संभव करने के लिए B). अभिक्रिया मिश्रण को शीतल करने के लिए C). अभिक्रिया के वेग में वृद्धि करने के लिए D). पदार्थ की हानि को रोकने के लिए

Correct Answer: D

**Q.24** **किसी तकनीशियन को एक ऐसा परिपथ डिजाइन करना है जिसमें एक डिवाइस को हटाए जाने पर दूसरे डिवाइसों के कार्यों में बाधा न उत्पन्न हो। तकनीशियन को किस प्रतिरोधक विन्यास का चयन करना चाहिए?**

Ans A). तकनीशियन को प्रतिरोधकों के श्रेणी-समांतर मिश्रित क्रम संयोजन का उपयोग करना चाहिए

B). तकनीशियन को प्रतिरोधकों को यादृच्छिक विन्यास में संयोजित करना चाहिए C). तकनीशियन को प्रतिरोधकों के समांतर क्रम संयोजन का उपयोग करना चाहिए

D). तकनीशियन को प्रतिरोधकों के श्रेणीक्रम संयोजन का उपयोग करना चाहिए

Correct Answer: C

**Q.25** **कोई विद्यार्थी किसी अवतल दर्पण से 90 cm की दूरी पर एक बिंब (object) रखता है और उसका प्रतिबिंब दर्पण के सामने 45 cm की दूरी पर प्राप्त करता है। इस दर्पण के ध्रुव और मुख्य फोकस के बीच की दूरी क्या होगी?**

Ans A). 60 cm B). 30 cm C). 45 cm D). 22.5 cm

Correct Answer: B

**Q.26** **एक विनिर्माता अपने विक्रय मूल्य को उत्पादन लागत से 72% अधिक निर्धारित करता है। यदि उत्पादन लागत में 50% की वृद्धि होती है तथा निर्माता अपने विक्रय मूल्य में 50% की वृद्धि करता है, तो नया लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।**

Ans A). 69% B). 72% C). 75% D). 71%

Correct Answer: B

**Q.27** **यदि निम्नलिखित बंटन का माध्य 68 है, तो (9x + 2y) का मान ज्ञात कीजिए।**

| वर्ग | 0-20 | 20-40 | 40-60 | 60-80 | 80-100 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 4 | 10 | x | 2 | y | 60 |

Ans A). 138 B). 137 C). 156 D). 151

Correct Answer: D

**Q.28** $\left(\frac{\tan A + \sec A - 1}{\tan A - \sec A + 1}\right)$ **को सरलीकृत कीजिए।**

Ans A). tan A + sec A B). tan A + cosec A C). tan A − cosec A D). tan A − sec A

Correct Answer: A

**Q.29** **यदि दो संख्याओं का अनुपात 4 : 7 है और उनका योगफल 33 है, तो छोटी संख्या ज्ञात कीजिए।**

Ans A). 24 B). 16 C). 20 D). 12

Correct Answer: D

**Q.30** **9 cm त्रिज्या वाले वृत्त के उस त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसकी संगत चाप लंबाई 6.3 cm है।**

Ans A). 27.95 $cm^2$ B). 30.05 $cm^2$ C). 28.35 $cm^2$ D). 29.15 $cm^2$

Correct Answer: C

**Q.31** **एक दुकानदार ₹40 प्रति kg और ₹60 प्रति kg मूल्य वाली चावल की दो किस्मों को मिश्रित करके ₹50 प्रति kg मूल्य वाला मिश्रण प्राप्त करता है। उसने चावल की दोनों किस्मों को किस अनुपात में मिश्रित किया है?**

Ans A). 3:2 B). 1:1 C). 1:2 D). 2:1

Correct Answer: B

Q.32 पाइप A एक टैंक को 6 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टैंक को 30 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टैंक को 20 घंटे में भर सकता है। यदि वे एक साथ चालू किए जाते हैं, तो उसी टैंक का 1/4 भाग भरने में उन्हें कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans A). 1 B). 3 C). 2 D). 4

Correct Answer: A

Q.33 दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक 18 है और उनका लघुत्तम समापवर्त्य 540 है। यदि एक संख्या 90 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans A). 54 B). 120 C). 108 D). 96

Correct Answer: C

Q.34 यदि $3\cos^2\theta + 7\sin^2\theta = 6$ है, तो $\sec\theta$ का मान ज्ञात कीजिए, जबकि $\theta$ एक न्यून कोण है।

Ans A). 2 B). 0 C). 3 D). 1

Correct Answer: A

Q.35 एक बैंक 9.2% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज ऑफर करता है, जिसकी गणना अर्ध-वार्षिक आधार पर की जाती है। एक ग्राहक किसी निर्दिष्ट वर्ष की 1 जनवरी और 1 जुलाई, प्रत्येक को ₹5449 जमा करता है। वर्ष के अंत में, उसे ब्याज के रूप में कितनी राशि प्राप्त होगी?
(उत्तर को निकटतम पैसे तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans A). ₹749.52 B). ₹755.50 C). ₹763.49 D). ₹759.40

Correct Answer: C

Q.36 किसी कंपनी का लाभ एक वर्ष में ₹11,10,000 से बढ़कर ₹13,10,000 हो गया। कंपनी के लाभ में हुई प्रतिशत वृद्धि की गणना (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) कीजिए।

Ans A). 18.47% B). 18.02% C). 18.26% D). 18.12%

Correct Answer: B

Q.37 एक कमरे की लंबाई 10 मीटर, चौड़ाई 8 मीटर और ऊंचाई 6 मीटर है। इसमें रखे जा सकने वाले दीर्घतम बांस के खंभे की लंबाई (लगभग) कितनी होगी?

Ans A). 10.12 मीटर B). 16.16 मीटर C). 14.14 मीटर D). 12.46 मीटर

Correct Answer: C

Q.38 यदि ₹550 की राशि 3.5 वर्षों के लिए 20% वार्षिक ब्याज दर पर उधार ली जाती है, तो साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 365 B). 485 C). 435 D). 385

Correct Answer: D

Q.39 72 km/hr की चाल से चलने वाली 200 मीटर लंबाई की एक ट्रेन, विपरीत दिशा में आ रही 250 मीटर लंबाई की दूसरी ट्रेन को 9 सेकंड में पार करती है। दूसरी ट्रेन को 350 मीटर लंबे प्लेटफ़ॉर्म को पार करने में कितना समय लगेगा?

Ans A). 18 सेकंड B). 15 सेकंड C). 19 सेकंड D). 20 सेकंड

Correct Answer: D

Q.40 ₹1,500 की धनराशि पर 12% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर (वार्षिक रूप से संयोजित) से 3 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए। (निकटतम पूर्णांक में पूर्णांकित)

Ans A). ₹612 B). ₹605 C). ₹607 D). ₹610

Correct Answer: C

Q.41 किसी इमारत में 8 बेलनाकार स्तंभ हैं, जिनमें से प्रत्येक की त्रिज्या 3 m और ऊँचाई 14 m है। प्रत्येक स्तंभ के वक्र पृष्ठ को ₹25 प्रति वर्ग मीटर की दर से पेंट किया जाना है। सभी 8 स्तंभों को पेंट करने की कुल लागत ज्ञात कीजिए। ($\pi = 22/7$ का उपयोग करें)

Ans A). ₹47,142 B). ₹60,600 C). ₹41,485 D). ₹52,800

Correct Answer: D

Q.42 नीचे दी गई तालिका में 50 बच्चों की लंबाइयाँ (cm में) दर्शाई गई है। इन आँकड़ों का बहुलक (cm में) ज्ञात कीजिए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| लंबाई | 50-60 | 60-70 | 70-80 | 80-90 |
| बच्चों की संख्या | 12 | 20 | 8 | 10 |

Ans A). 60 B). 64 C). 67.5 D). 58.5

Correct Answer: B

Q.43 कौशल ने 90 km/h की चाल से 14 घंटे 28 मिनट तक यात्रा की। उसी दूरी को 7 घंटे में तय करने के लिए उसे किस चाल (km/h में) से यात्रा करनी चाहिए?

Ans A). 185 B). 184 C). 186 D). 187

Correct Answer: C

Q.44 8-अंकों की संख्या 541A4888 को 9 से विभाज्य बनाने के लिए A का मान कितना होना चाहिए?

Ans A). 1 B). 9 C). 7 D). 2

Correct Answer: C

**Q.45** 7 वर्ष पहले, सौम्या की आयु, ईशा की आयु की दोगुनी थी। अब से पांच वर्ष बाद, उनकी आयु का योग 66 होगा। ईशा की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 25 वर्ष B). 28 वर्ष C). 20 वर्ष D). 21 वर्ष


**Correct Answer: D**

**Q.46** दो संख्याओं के बीच माध्यानुपाती 42 है। यदि उनमें से एक संख्या 31 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए। (निकटतम पूर्णांक में पूर्णांकित कीजिए)

**Ans** A). 58 B). 55 C). 57 D). 56

**Correct Answer: C**

**Q.47** निम्न दंड आलेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें।
दंड आलेख 2020 से 2024 की अवधि के दौरान किसी कारखाने में इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं (AC और रेफ्रिजरेटर) के उत्पादन को दर्शाता है।




संदर्भ:
number of products = उत्पादों की संख्या
years = वर्ष

2021 से 2024 तक रेफ्रिजरेटर (Refrigerators) और AC के उत्पादन के औसत के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 440 B). 330 C). 550 D). 220

**Correct Answer: C**

**Q.48** एक वॉशिंग मशीन की कीमत एक टीवी की कीमत से 40% कम है। यदि वॉशिंग मशीन की कीमत में 80% की वृद्धि होती है और टीवी की कीमत में 22% की कमी होती है, तो 7 वॉशिंग मशीनों और 6 टीवी की कुल कीमत में प्रतिशत परिवर्तन कितना होगा?

**Ans** A). 15% की कमी B). 18% की कमी C). 20% की वृद्धि D). 24% की वृद्धि

**Correct Answer: C**

**Q.49** एक कुकर का अंकित मूल्य चार दुकानों - I, II, III और IV पर एकसमान है। कुकर के अंकित मूल्य पर दुकान I, 68% और 24% की दो क्रमिक छूट प्रदान करती है, दुकान II, 37% और 55% की क्रमिक छूट प्रदान करती है, दुकान III, 89% और 10% की क्रमिक छूट प्रदान करती है और दुकान IV, 41%, 90% और 48% की क्रमिक छूट प्रदान करती है। कौन-सी दुकान कुकर को सबसे कम मूल्य पर बेच रही है?

**Ans** A). I B). III C). II D). IV

**Correct Answer: D**

**Q.50** तीन संख्याएँ 4 : 5 : 6 के अनुपात में हैं और उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 13 है। उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 1080 B). 780 C). 960 D). 686

**Correct Answer: B**

**Q.51** उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

LH-NJ-PQ
OK-QM-ST

**Ans** A). RN-TP-VW B). RN -TP-VX C). SN-TP-VX D). SN-TO-VX

**Correct Answer: A**

**Q.52** उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे 66 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, निधि बाईं ओर से 18वें स्थान पर और सोनू दाईं ओर से 28वें स्थान पर है। निधि और सोनू के बीच कितने विद्यार्थी बैठे हैं?

**Ans** A). 22 B). 21 C). 19 D). 20

**Correct Answer: D**

Q.53 दी गई अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। सभी संख्याएं केवल एक-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) A 4 & P % 7 @ 8 T 6 & K 2 R 5 # 3 E Ω C D (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी संख्याएँ हटा दी जाएँ, तो कौन-सा दाईं ओर से सातवाँ होगा?

Ans A). # B). T C). K D). R

Correct Answer: C

Q.54 एक निश्चित कूट भाषा में, "JUMOC" को "15" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और "QYATXZR" को "21" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस कूट भाषा में "VTGZXAIW" को किसके रूप में कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans A). 21 B). 24 C). 30 D). 29

Correct Answer: B

Q.55 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी प्रकार आगे भी संख्याएं प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, प्रश्न में प्रयुक्त संक्रियाओं के समान समुच्चय का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है। उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)

122 - 976 - 244 ; 119 - 952 - 238

Ans A). 101- 808 - 302 B). 112 - 896 - 298 C). 107 - 856 - 214 D). 187 - 996 - 442

Correct Answer: C

Q.56 दिए गए विकल्पों में से उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए युग्मों के दो समुच्चयों के पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

STY : WWW
BQX : FTV

Ans A). PSG : TVE B). QMQ : UPN C). SWT : WYR D). LFP : PIM

Correct Answer: A

Q.57 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

KIT BUY HEN TEN

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कम से कम दो स्वर होंगे?

Ans A). तीन B). एक भी नहीं C). दो D). एक

Correct Answer: B

Q.58 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन:
सभी कंबल, पंख हैं।
कोई पंख, प्रकाश नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई कंबल, प्रकाश नहीं है।
(II) कुछ प्रकाश, पंख हैं।

Ans A). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है B). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं C). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है D). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Correct Answer: D

Q.59 सात विद्यार्थी, I, J, K, P, Q, R और Z, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
R, I के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। Z, I के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। P, J के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। J, K के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है।
Q के दाएँ दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans A). K B). P C). J D). R

Correct Answer: C

Q.60 संख्या 7129865 में, प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे और दाएं से दूसरे अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans A). 10 B). 12 C). 8 D). 6

Correct Answer: A

Q.61 एक निश्चित कूट भाषा में,
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
A # B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A $ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'

यदि 'सुज़ी @ एलेक्स % कबीर # जॉर्ज $ ब्रिट' है तो सुज़ी का ब्रिट से क्या संबंध है?

Ans A). पत्नी के पिता की बहन B). पत्नी के पिता की माता C). पत्नी की माता की माता D). पत्नी की माता की बहन **Correct Answer: B**

Q.62 वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). NQS B). JMO C). MQR D). HKM **Correct Answer: C**

Q.63 यदि संख्या 518624 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक में से 1 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या में दाईं ओर से अंतिम और पहले अंक के बीच का अंतर क्या होगा?

Ans A). 4 B). 5 C). 3 D). 1 **Correct Answer: C**

Q.64 निम्नांकित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) W U C C U ^ * H / J + / # U Q # J V D T K (दाएं)

ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

Ans A). दो B). तीन C). एक D). चार **Correct Answer: A**

Q.65 संख्या 7942586 के प्रत्येक अंकों को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। तो मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans A). दो B). एक C). एक भी नहीं D). तीन **Correct Answer: B**

Q.66 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

EAW BXT YUQ VRN ?

Ans A). SER B). SLO C). SOP D). SOK **Correct Answer: D**

Q.67 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). CAW B). HFB C). VTP D). DCX **Correct Answer: D**

Q.68 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथनः
सभी फोन, जग हैं।
कुछ फोन, कैप हैं।

निष्कर्षः
**(I)** कुछ जग, कैप हैं।
**(II)** सभी कैप, फोन हैं।

Ans A). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है B). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है C). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
D). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है **Correct Answer: A**

Q.69 सात व्यक्ति, P, Q, S, T, U, V और W, उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। W के बाईं ओर केवल V बैठा है। V और P के बीच में ठीक चार व्यक्ति हैं। S और U के बीच में केवल Q बैठा है, और S, P का निकटतम पड़ोसी नहीं है। दी गई जानकारी के आधार पर, पंक्ति के दाहिने छोर पर कौन बैठा है?

Ans A). T B). W C). P D). S **Correct Answer: A**

**Q.70** यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।
RAY DUE AMP DOF
प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है। इस प्रकार निर्मित कितने अक्षर-समूहों में, कोई स्वर नहीं आएगा?

**Ans** A). तीन B). चार C). एक D). दो

**Correct Answer: D**

**Q.71** शब्द CAPTURE के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षर-समूह में कितने अक्षर ठीक दो बार आएंगे?

**Ans** A). 2 B). 3 C). 0 D). 1

**Correct Answer: D**

**Q.72** शहर B, शहर X के पश्चिम में है। शहर C, शहर X के पूर्व में है। शहर D, शहर C के दक्षिण में है। शहर C, शहर A के पश्चिम में है। शहर A के संदर्भ में शहर X की स्थिति क्या है?

**Ans** A). पूर्व B). दक्षिण C). पश्चिम D). उत्तर

**Correct Answer: C**

**Q.73** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 9 का संबंध 32 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 18 का संबंध 59 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 12 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 26 B). 44 C). 53 D). 41

**Correct Answer: D**

**Q.74** A, B, C, D, S और T एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है। D तल क्रमांक 5 पर रहता है। B, D के ऊपर किसी एक तल पर रहता है। T के नीचे केवल C रहता है। S एक सम क्रमांक वाले तल पर रहता है। A के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

**Ans** A). चार B). तीन C). एक D). दो

**Correct Answer: D**

**Q.75** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

48 63 78 95 112 131 ?

**Ans** A). 146 B). 150 C). 154 D). 158

**Correct Answer: B**

**Q.76** एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A - B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है', और
A # B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'D + Y - R # B @ G' है, तो D का G से क्या संबंध है?

**Ans** A). माता B). पुत्री C). पत्नी D). बहन

**Correct Answer: D**

**Q.77** शब्द WRINKLE के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर समूह में बाएं से पहले अक्षर और दाएं से पहले अक्षर के बीच, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

**Ans** A). 12 B). 13 C). 17 D). 14

**Correct Answer: C**

**Q.78** सात डिब्बों I, J, K, Q, R, S और T को एक के ऊपर एक रखा गया है, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। केवल चार डिब्बों को T के ऊपर रखा गया है। Q और T के बीच केवल तीन डिब्बों को रखा गया है। I और K के बीच केवल एक डिब्बा रखा गया है। K को T के ठीक ऊपर रखा गया है। I और S के बीच केवल चार डिब्बों को रखा गया है। J को R के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। J के नीचे दूसरे स्थान पर कौन-सा डिब्बा रखा गया है?

**Ans** A). K B). T C). R D). I

**Correct Answer: B**

**Q.79** निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) P H E D L B J E A E H I A Z E E I Q A A I W (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन और ठीक बाद एक स्वर है?

**Ans** A). 4 B). 2 C). 1 D). 3

**Correct Answer: B**

**Q.80** एक निश्चित तरीके से JK 6 का संबंध LG -3 से है। उसी प्रकार, HI 8 का संबंध JE -1 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, ST 10 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

**Ans** A). KI 3 B). RD 4 C). UP 1 D). RU 2

**Correct Answer: C**

**Q.81** 2026 में पश्चिम बंगाल विधानसभा के स्पीकर के रूप में अपना प्रथम कार्यकाल किस व्यक्ति ने शुरू किया?

**Ans** A). रथिंद्र बसु (Rathindra Basu) B). शुभेंदु अधिकारी (Suvendu Adhikari) C). तपस रॉय (Tapas Roy) D). शोवनदेब चट्टोपाध्याय (Shovondeb Chattopadhyay)

**Correct Answer: A**

**Q.82** मार्च 2026 में, भारत में चीता शावकों के जन्म की सूचना किस राष्ट्रीय उद्यान से मिली थी?

**Ans** A). रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान B). कूनो राष्ट्रीय उद्यान C). जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान D). कान्हा राष्ट्रीय उद्यान

**Correct Answer: B**

**Q.83** निम्नलिखित में से किस राज्य ने जनवरी, 2026 में 'मुख्यमंत्री ग्रामोत्थान योजना' शुरू की?

**Ans** A). मध्यप्रदेश B). उत्तरप्रदेश C). गुजरात D). राजस्थान

**Correct Answer: C**

**Q.84** निम्नलिखित में से किस वरिष्ठ वैज्ञानिक ने अगस्त 2025 में विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के नए निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया?

**Ans** A). वी. नारायणन B). बी.के. दास C). ए. राजाराजन D). एस. उन्नीकृष्णन नायर

**Correct Answer: C**

**Q.85** 24 से 26 अप्रैल 2026 तक चंडीगढ़ में आयोजित चिंतन शिविर में, सर्वेक्षण डेटा के वास्तविक समय डिजिटल संग्रह को सक्षम बनाने और निगरानी में सुधार के लिए SMILE-भिक्षावृत्ति उप-योजना के अंतर्गत कौन सा मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया गया था?

**Ans** A). SMILE–बेगरी सर्वे मोबाइल एप्लिकेशन B). SMILE–रिहैबिलिटेशन मॉनिटरिंग ऐप C). SUGAM वेलफेयर ट्रैकिंग पोर्टल D). SAMARTH सोशल सर्वे ऐप

**Correct Answer: A**

**Q.86** विश्व के सबसे बड़े वार्षिक खाद्य एवं पेय (food and beverage) आयोजन के रूप में मान्यता प्राप्त गल्फूड 2026 प्रदर्शनी (Gulfood 2026 exhibition) का आयोजन दुबई में किन दो स्थानों पर एक साथ किया गया था?

**Ans** A). दुबई इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर और अबू धाबी नेशनल एग्ज़िबिशन सेंटर B). दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर और एक्सपो सिटी दुबई में दुबई एग्ज़िबिशन सेंटर C). दुबई ट्रेड सेंटर एरीना और जेबेल अली कन्वेंशन सेंटर D). एक्सपो सिटी दुबई और शारजाह एक्सपो सेंटर

**Correct Answer: B**

**Q.87** जुलाई 2026 से प्रारंभ होने वाले नए 'विकसित भारत जी राम जी अधिनियम' (Viksit Bharat G RAM G Act) के तहत, ग्रामीण परिवारों को कानूनी रूप से कितने दिनों के वार्षिक मजदूरी रोजगार की गारंटी दी गई है?

**Ans** A). 125 दिन B). 90 दिन C). 150 दिन D). 100 दिन

**Correct Answer: A**

**Q.88** भारत ने मई 2026 में नई दिल्ली में हुई संयुक्त आयोग की पहली बैठक के दौरान किस देश के साथ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के कार्यान्वयन की देखरेख के लिए प्रक्रिया के नियमों पर हस्ताक्षर किए थे?

**Ans** A). अल्जीरिया (Algeria) B). ट्यूनीशिया (Tunisia) C). मोरक्को (Morocco) D). मिस्र (Egypt)

**Correct Answer: A**

**Q.89** 17 फरवरी 2026 को केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा कार्यक्रम लॉन्च किया गया था?

**Ans** A). सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज कार्यक्रम B). राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन C). भारत में स्वास्थ्य सेवा में AI के लिए रणनीति (SAHI) D). राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान

**Correct Answer: C**

**Q.90** **वैभव सूर्यवंशी ने, किस आयु में एक ही IPL सीजन में 500 से अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया?**

**Ans** A). 18 वर्ष B). 15 वर्ष C). 17 वर्ष D). 16 वर्ष

**Correct Answer: B**

**Q.91** **कार्लोस अल्काराज़ (Carlos Alcaraz) ने फ़ाइनल में किस प्रतिद्वंद्वी को हराकर 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष एकल का ख़िताब जीता और साथ ही पुरुष टेनिस में सबसे कम उम्र में 'करियर ग्रैंड स्लैम (Career Grand Slam)' पूरा किया?**

**Ans** A). टेलर फ्रिट्ज (Taylor Fritz) B). नोवाक जोकोविच (Novak Djokovic) C). जैनिक सिनर (Jannik Sinner) D). डैनिल मेदवेदेव (Daniil Medvedev)

**Correct Answer: B**

**Q.92** **2025 के अंत में, भारतीय रक्षा प्रतिष्ठान द्वारा जारी क्वांटम प्रौद्योगिकी के समावेशन से संबंधित पॉलिसी फ्रेमवर्क का प्राथमिक उद्देश्य निम्नलिखित में से क्या था?**

**Ans** A). आयातित AI प्रणालियों के साथ मिसाइल मार्गदर्शन प्रणालियों को उन्नत करना

B). भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के लिए विशेष रूप से क्वांटम उपग्रहों का एक समूह लॉंच करना

C). प्रमुख भारतीय शहरों में नागरिक स्टार्टअप के लिए क्वांटम प्रौद्योगिकी इनक्यूबेशन केंद्र स्थापित करना

D). तीनों सेनाओं में क्वांटम संचार, कंप्यूटिंग, संवेदन और माप विज्ञान को समेकित करना

**Correct Answer: D**

**Q.93** **अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस शिखर सम्मेलन 2026 से पहले केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा उद्घाटन किए गए 'लायन' स्पीशीज स्पॉटलाइट प्रोग्राम की मेजबानी किस राष्ट्रीय उद्यान ने की?**

**Ans** A). कान्हा राष्ट्रीय उद्यान B). बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान C). रणथंबोर राष्ट्रीय उद्यान D). गिर राष्ट्रीय उद्यान

**Correct Answer: D**

**Q.94** **मार्च 2026 में किस भारतीय संगठन ने सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) की दिशा में जापान-भारत सहयोगात्मक कार्यों के फेज II के लिए जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (JICA) के साथ रिकॉर्ड ऑफ़ डिस्कशन्स (Record of Discussions) पर हस्ताक्षर किए थे?**

**Ans** A). नीति आयोग B). सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (C-DOT) C). सीमा सड़क संगठन (BRO) D). भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन

**Correct Answer: A**

**Q.95** **अप्रैल 2026 में आदिवासी परिवारों के पुनर्वास के लिए चर्चा में रहा अमराबाद टाइगर रिजर्व (Amrabad Tiger Reserve) भारत के किस राज्य में स्थित है?**

**Ans** A). महाराष्ट्र B). तेलंगाना C). आंध्र प्रदेश D). कर्नाटक

**Correct Answer: B**

**Q.96** **वर्ल्ड एथलेटिक्स रिले 2026, जो मई 2026 में गैबोरोन (Gaborone) में शुरू हुआ था, किस देश द्वारा आयोजित किया गया था?**

**Ans** A). बोत्सवाना (Botswana) B). नामीबिया (Namibia) C). दक्षिण अफ्रीका (South Africa) D). केन्या (Kenya)

**Correct Answer: A**

**Q.97** **रांची में आयोजित 2026 एथलेटिक्स फेडरेशन कप में 100 मीटर की दौड़ 10.1 सेकंड से कम समय में पूरी करने वाले प्रथम भारतीय धावक कौन बने?**

**Ans** A). मणिकांत होबलीधर B). अमलान बोरगोहेन C). मुहम्मद अनस D). गुरिंदरवीर सिंह

**Correct Answer: D**

**Q.98** **मार्च 2026 में भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट का आयोजन, निम्नलिखित में से किस शहर में हुआ था?**

**Ans** A). हैदराबाद B). मुंबई C). बेंगलुरु D). नई दिल्ली

**Correct Answer: D**

**Q.99** **पद्म पुरस्कार 2026 में, असम की निम्नलिखित में से किस प्रख्यात सांस्कृतिक हस्ती को शास्त्रीय सत्रिया नृत्य और संगीत परंपरा में असाधारण योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया?**

**Ans** A). श्री नूरुद्दीन अहमद B). श्री संग्युसांग एस. पोंगेनर C). श्री हरिचरण सैकिया D). श्री जोगेश देउरी

**Correct Answer: C**

**Q.100** **मई 2026 में, भारत में कृषि, पोषण और सार्वजनिक स्वास्थ्य के मेल को सुदृढ़ करने के लिए ICMR और ICAR ने संयुक्त रूप से किस राष्ट्रीय मिशन-मोड कार्यक्रम का शुभारंभ किया है?**

**Ans** A). कृषि (KRISHI) – नॉलेज रेफ़ोर्म इनीसीएटिव फॉर सस्टेनेबल ह्यूमन इम्युनिटी B). सेहत (SEHAT) – साइंस एक्सेलेंस फॉर हेल्थ थ्रू एग्रीकल्चरल ट्रांसफॉर्मेशन

C). आरोग्य (AROGYA) – एग्रिकल्चर रिसर्च फॉर ओर्गानिक ग्रोथ एंड यूथ एडवांसमेंट D). पोषण (POSHAN) – पब्लिक आउटरीच फॉर सस्टेनेबल हेल्थ एंड न्यूट्रिशन

**Correct Answer: B**

"